संख्या:37/2025/1390ई-2/तेरह-2025-229989

प्रेषक,

दुर्गा सिंह
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक: 24 दिसम्बर, 2025

विषयः-मेसर्स जैन डिस्टिलरी, (ए यूनिट ऑफ जैन डिस्टिलरी प्रा.लि.) नगीना रोड, जनपद बिजनौर आसवनी को 40 कि.ली. प्रतिदिन अर्थात वर्ष में 330 कार्य दिवस के आधार पर 132 लाख लीटर वार्षिक क्षमता पर शीरा आधारित प्लान्ट को डुअल मोड अर्थात शीरे के साथ-साथ ग्रेन से 63 लाख लीटर वार्षिक पेय मदिरा एवं शेष 69 लाख लीटर वार्षिक रेक्टीफाइड स्प्रिट, ई.एन.ए. एवं अब्सोल्यूट अल्कोहल उत्पादन की अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या:-जी-67/दो-प्रा.डी.-106/जैन आसवनी, बिजनौर दिनांक 28-11-2025 तथा इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव, आबकारी विभाग, उ.प्र. शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक दिनांक 19-12-2025 में लिए गए निर्णय सम्बन्धी कार्यवृत्त संख्या:1373ई-2/तेरह-2025-229989, दिनांक 24-12-2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र दिनांक 28-11-2025 में आप द्वारा की गयी संस्तुति/प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के राजस्व एवं औद्योगिक हित तथा निवेश एवं रोजगार संवर्धन के दृष्टिगत ग्रेन से अल्कोहल उत्पादन किये जाने के संबंध में शासनादेश दिनांक 26-03-2021 के क्रम में मेसर्स जैन डिस्टिलरी, (ए यूनिट ऑफ जैन डिस्टिलरी प्रा.लि.) नगीना रोड, जनपद बिजनौर आसवनी को 40 कि.ली. प्रतिदिन अर्थात वर्ष में 330 कार्य दिवस के आधार पर 132 लाख लीटर वार्षिक क्षमता पर शीरा आधारित प्लान्ट को डुअल मोड अर्थात शीरे के साथ-साथ ग्रेन से 63 लाख लीटर वार्षिक पेय मदिरा एवं शेष 69 लाख लीटर वार्षिक रेक्टीफाइड स्प्रिट, ई.एन.ए. एवं अब्सोल्यूट अल्कोहल उत्पादन किये जाने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है:-

(1) इकाई द्वारा ग्रेन से अल्कोहल उत्पादन किये जाने हेतु शासनादेश संख्या:33/2021-810ई-2/ तेरह-2021-107/2013 दिनांक 26-03-2021 में लगायी गयी शर्तों का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।

(2) इकाई द्वारा शीरा आधारित प्लान्ट को डुअल मोड अर्थात शीरे के साथ-साथ ग्रेन से अल्कोहल उत्पादन हेतु आवश्यक मशीनरी/उपकरण की स्थापना संबंधी कार्य एक वर्ष के भीतर

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। मशीनरी/उपकरण की स्थापना संबंधी कार्य एक वर्ष के भीतर पूर्ण न किये जाने की दशा में इकाई को ग्रेन ई.एन.ए. के क्रय की अनुमति नहीं होगी।

(3) आसवक द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों से सुसंगत अधिनियमों/नियमों के अन्तर्गत अनापत्ति/अनुज्ञा आसवनी चलाये जाने से पूर्व प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

(4) ग्रेन से एथनॉल उत्पादन किये जाने हेतु इकाई द्वारा उत्पादन के परिप्रेक्ष्य में प्रयोग में लाये जाने वाले अनाज व अन्य पदार्थों की आपूर्ति को सुगम करने व अंतर्विभागीय सामंस्य स्थापित करने एवं उत्पादनकर्ताओं की कठिनाईयों को संज्ञान लेकर उन्हें दूर किये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 26.03.2021 के प्रस्तर-3 (4)(छ) में उल्लिखित व्यवस्थानुसार मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन की अध्यक्षता में गठित स्टीयरिंग कमेटी द्वारा निर्णय लिया जायेगा। उक्तानुसार अनाज व अन्य पदार्थो की आपूर्ति के परिप्रेक्ष्य में स्टीयरिंग कमेटी द्वारा यथास्थिति मानव उपयोग व पशु उपयोग हेतु वांछित अनाज व अन्य पदार्थों की प्रदेश की वार्षिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दिये जाने वाले निर्देशों का अनुपालन प्रश्नगत इकाई को करना होगा।

(5) इकाई द्वारा गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जी.एम.पी.) तथा भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए उत्पादन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) इकाई द्वारा स्थापित किये जाने वाले संचय टैंकों एवं निकासी टैंकों पर राडार बेस्ड लेबल ट्रान्समीटर तथा संचय टैंकों एवं निकासी टैंकों के मध्य एवं निकासी टैंकों के पश्चात मास फ्लोमीटर लगाये जायेंगे।

(7) इकाई का आबकारी विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुये पोर्टल की सभी औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी।

(8) इकाई के मुख्य द्वार पर आने तथा जाने वाले वाहनों की नम्बर प्लेट को कैप्चर करने के लिये दो ANPR कैमरे स्थापित किये जायेंगे तथा वेमेन्ट ब्रिज पर भी दो ANPR कैमरे स्थापित किये जायेंगे। आसवनी में अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी कैमरें स्थापित कियें जायेंगे। कैमरों तथा राडार का इन्टीग्रेशन आबकारी विभाग के पोर्टल से कराया जायेगा।

(9) इकाई द्वारा ग्रेन साइलों में अनाज संचित करने के लिये बकेट एलीवेटर पर सामान्य रूप से दृश्य स्थान पर ग्लास प्लेट स्थापित की जायेगी। इसी प्रकार ग्रेन साइलो से प्लान्ट में अनाज ले जाने वाली कन्वेयर पर भी ग्लास प्लेट स्थापित की जायेगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किस प्रकार के अनाज का भण्डारण/अंतरण किया जा रहा है।

(10) आसवक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि जो भी फीड स्टॉक आसवनी द्वारा प्रयुक्त किया जाये, उसकी रिकवरी वैज्ञानिक रूप से सत्यापित हो व समय-समय पर आबकारी आयुक्त स्तर से इसका परीक्षण भी कराया जाना आवश्यक होगा। अनुमति निर्गत किये जाने से पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि आसवनी मालिक द्वारा स्वयं के अधीन किसी भी इकाई में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी सुविधा का दुरूपयोग न किया गया हो।

(11) इकाई द्वारा अलग-अलग फीड से एक साथ अल्कोहल उत्पादन किये जाने के संबंध में शासनादेश संख्या:864ई-2/तेरह-2023-107/2013, दिनांक 10-05-2023 में निर्गत गाइडलाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(12) प्रकरण में अग्रतर कार्यवाही करने से पूर्व आबकारी आयुक्त, उ.प्र. द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इकाई पर अद्यतन कोई राजस्व देयता/बकाया नहीं है।

(13) आबकारी आयुक्त द्वारा इस संदर्भ में लागू अन्य समस्त सुसंगत नियमों /नियमावलियों व शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

तदनुसार कृपया अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दुर्गा सिंह)
उप सचिव।

संख्या:37/2025/1390(1)ई-2/तेरह-2025-229989 एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. अपर मुख्य सचिव, आबकारी विभाग, उ.प्र. शासन।
5. प्रमुख सचिव, पशुधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8. प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(दुर्गा सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।